समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 25 August 2026

# Netflix का बड़ा सरप्राइज! 6 साल बाद लौटा Free Trial, नए यूजर्स को मिल रहा 30 दिन तक मुफ्त एक्सेस

Sanket Morankar
Published on 10 Jul 2026




दुनिया की सबसे लोकप्रिय OTT स्ट्रीमिंग सेवाओं में शामिल **Netflix** ने लगभग छह साल बाद एक बार फिर अपने **Free Trial** ऑफर की वापसी कर दी है। वर्ष 2020 में यह सुविधा बंद करने के बाद अब कंपनी चुनिंदा नए यूजर्स को फिर से मुफ्त ट्रायल का मौका दे रही है।

हालांकि यह ऑफर फिलहाल सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध नहीं है, लेकिन कई देशों के नए यूजर्स ने साइन-अप के दौरान **15 दिन और 30 दिन तक का फ्री ट्रायल** मिलने की जानकारी साझा की है। कंपनी ने भी अपने हेल्प सेंटर पर इस ऑफर की पुष्टि की है।

### क्या है नया Netflix Free Trial ऑफर?

Netflix के अनुसार, यदि किसी यूजर का **अकाउंट, डिवाइस और लोकेशन** इस ऑफर के लिए पात्र (Eligible) हैं, तो नया अकाउंट बनाते समय फ्री ट्रायल का विकल्प अपने आप दिखाई देगा।

यदि साइन-अप के दौरान यह विकल्प नहीं दिखता है, तो इसका मतलब है कि फिलहाल आपका अकाउंट इस ऑफर के लिए पात्र नहीं है।

कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह ऑफर सीमित यूजर्स और चुनिंदा क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जा रहा है।

### भारत मे भी दिख रहा ऑफर

हालांकि Netflix ने भारत में इस ऑफर की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन कई रिपोर्ट्स के अनुसार भारत के कुछ नए यूजर्स को नया अकाउंट बनाते समय “**0 रुपये मे 30 दिन आज़माएं**” (Try 30 Days for ₹0) का विकल्प दिखाई दिया है।

बताया जा रहा है कि नया ईमेल आईडी और नया अकाउंट बनाने वाले कुछ यूजर्स को यह ऑफर मिल रहा है।

### कैसे करे Free Trial क्लेम ?

यदि आपका अकाउंट पात्र है, तो इन आसान स्टेप्स को फॉलो करें—

- Netflix की वेबसाइट या ऐप खोलें।
- नया अकाउंट (New Account) बनाएं।
- नया ईमेल आईडी और पासवर्ड दर्ज करें।
- अपनी पसंद का प्लान चुनें।
- यदि आपका अकाउंट पात्र होगा, तो **Free Trial** का विकल्प स्क्रीन पर दिखाई देगा।
- आवश्यक भुगतान संबंधी जानकारी दर्ज करने के बाद ट्रायल सक्रिय हो जाएगा।

यदि ट्रायल उपलब्ध नहीं है, तो आपको सामान्य भुगतान वाला प्लान ही दिखाई देगा।

### किसी को 30 दिन, किसी को 15 दिन

रिपोर्ट्स के अनुसार सभी यूजर्स को एक जैसा ऑफर नहीं मिल रहा है।

- कुछ यूजर्स को **30 दिन का Free Trial**
- जबकि कुछ को **15 दिन का Free Trial** दिया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि Netflix फिलहाल **A/B Testing** कर रहा है, जिसके तहत अलग-अलग यूजर्स को अलग-अलग ऑफर दिखाए जा रहे हैं ताकि यह समझा जा सके कि कौन-सा मॉडल ज्यादा प्रभावी है।

### 2020 मे क्यों बंद किया गया था Free Trial?

Netflix कई वर्षों तक नए यूजर्स को 30 दिन का मुफ्त ट्रायल देता था। लेकिन वर्ष 2020 में कंपनी ने यह सुविधा लगभग सभी देशों में बंद कर दी थी।

उस समय कंपनी का मानना था कि उसके ओरिजिनल कंटेंट और लोकप्रिय वेब सीरीज ही नए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त हैं।

अब छह साल बाद कंपनी फिर से इस रणनीति को आजमा रही है।

### क्यों वापस लाया गया ऑफर ?

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि OTT प्लेटफॉर्म्स के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए Netflix नए ग्राहकों को जोड़ने के लिए Free Trial मॉडल को दोबारा इस्तेमाल कर रहा है।

Disney+, Prime Video, Apple TV+, JioHotstar और अन्य प्लेटफॉर्म्स के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण Netflix नए यूजर्स को आकर्षित करने के लिए सीमित अवधि का मुफ्त एक्सेस दे रहा है।

### ध्यान रखे यें बाते

- यह ऑफर सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध नहीं है।
- केवल नए अकाउंट्स पर ही Free Trial मिलने की संभावना है।
- ऑफर आपके क्षेत्र (Location), डिवाइस और अकाउंट की पात्रता पर निर्भर करेगा।
- ट्रायल अवधि समाप्त होने के बाद चुने गए प्लान के अनुसार सब्सक्रिप्शन शुल्क लागू हो सकता है, यदि समय रहते उसे रद्द नहीं किया गया।

### नए यूजर्स के लिए शानदार मौका

यदि आप लंबे समय से Netflix का इस्तेमाल करना चाहते थे, लेकिन सब्सक्रिप्शन लेने से पहले प्लेटफॉर्म को आजमाना चाहते थे, तो यह ऑफर आपके लिए बेहतरीन अवसर हो सकता है। हालांकि यह सुविधा फिलहाल सीमित यूजर्स के लिए उप

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.